मार्केट अपडेट

सद्‌गुरु इंटरनेशनल स्कूल: समर कैंप में खेलकूद का समापन हुआ

अजमेर | सद्‌गुरु इंटरनेशनल स्कूल निदेशक राजा डी थारवानी, संयुक्त सचिव भूमिका थारवानी के निर्देशन में समर कैंप समापन पर खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। मुख्य अतिथि अतुल दुबे का स्वागत किया गया। अभिभावकों ने फुटबॉल मैच का जमकर आनंद लिया तो कहीं क्रिकेट मैच देखकर अभिभूत हो गए। अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बास्केटबाल, स्केटिंग में करतब दिखाए। विद्यालय का तरणताल अभिभावकों व विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों ने तैराकी के नए-नए करतब सीखे थे। समर कैंप में अजमेर, किशनगढ़, पुष्कर, पीसांगन, नसीराबाद के विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र अभिभावकों से दिलवाए। सीनियर एकेडमिक एडवाइजर सरला नायडू, एडमिन हेड देशबंधु दाधीच, इएटू डायरेक्टर ख्याति अरोड़ा मौजूद थे। प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने आभार जताया।